## शासन के दो विभागों में आखिर क्यों नहीं हो रही रजामंदी

# उड़ान पुल पर रात के अंधेरे में दौड़ रहे वाहन, दुर्घटना को न्यौता दे रहा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

छिंदवाड़ा का विकासखंड जुन्नारदेव अजब है गजब है कि तर्ज पर चल रहा है। एक नई खबर के साथ पुन: तहलका मचा हुआ है। उड़ान पुल की खींचतान में खबरों का बाजार गर्म है।



नगर के श्री राम तिराहा से नगर के भीतर प्रवेश करने वाले मुख्य मार्ग पर बनकर तैयार हो चुके श्रीमहादेव उड़ान पुल पर वाहनों का आवागमन लगभग प्रारंभ हो चुका है। नगरवासियों को लगभग 110 करोड़ की लागत से बने इस श्रीमहादेव उड़ान पुल की सुविधा तो प्राप्त होने लगी है, लेकिन साथ ही में जनता को यहां कई मुसीबत का भी सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल यहां पर लगे हुए स्ट्रीट लाइट अब तक रोशन नहीं हो पा रहे हैं जिसके कारण आवागमन करने वाले वाहन कभी भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त यहां पर स्ट्रीट लाइट के लगातार बंद होने के कारण आसामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी लगने से इनकार नहीं किया जा सकता है। इससे पहले की इस श्री महादेव उड़ान पुल पर दुर्भाग्यशाली दुर्घटनाओं का दौर प्रारंभ हो जाए और आसामाजिक तत्वों का अड्डा बनने लगे, इससे ठीक पहले शासन प्रशासन को चाहिए कि यहां पर स्ट्रीट लाइट की वजह की सुविधा बहाल कर दी जाए ताकि भविष्य में आने वाली इन समस्याओं को पैदा ही नहीं किया जा सके। इस मामले में जानकारी मिली है कि मध्य प्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के द्वारा अब तक विधिवत रूप से स्थानीय नगर पालिका परिषद को इस उड़ान पुल पर लगी हुई स्ट्रीट लाइट के संचालन एवं प्रबंधन के संदर्भ में कोई आवश्यक पत्र ही संप्रेषित नहीं किया गया है, जिसके चलते यह दुर्भाग्यशाली स्थिति निर्मित हुई है।

इस मामले में दोनों ही विभाग के अधिकारी अपनी जवाबदेही से बचने की कोशिश कर रहे हैं। इसका खामियाजा आम जनता को भोगना पड़ सकता है। आम जनता श्री महादेव उड़ान पुल की इस सुविधा को लेकर यूं तो पहले से ही अधिक परेशान है। इसका बड़ा कारण यह है कि अब तक स्थानीय शासन व प्रशासन के द्वारा बड़े एवं भारी वाहनों को शहर के भीतर लाने हेतु कोई बड़ी पहल ही नहीं की गई है।

### मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम ने अब तक नपा को नहीं सौंपा पत्र

शहर की सीमा के भीतर स्थित किसी भी उड़ान पुल के प्रबंधन एवं संचालन की जिम्मेदारी उस संबंधित नगरीय निकाय क्षेत्र की नपा की ही होती है। लेकिन इसका निर्धारण तब ही हो पता है कि जब मध्य प्रदेश राज्य सड़क विकास निगम अपने द्वारा निर्मित किए गए उसे उड़ान पुल के मेंटेनेंस के लिए नगर पालिका परिषद को हस्तांतरित कर दिए जाने संबंधी पत्र सौंप दे। इस श्रीमहादेव उड़ान पुल के संदर्भ में अब तक मध्य प्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के द्वारा ऐसा नहीं किए जाने के कारण ही यह मामला अब तक लटका हुआ है। नगर पालिका परिषद और मध्य प्रदेश राज्य सड़क विकास निगम के बीच समन्वय की इस स्थिति के नहीं बनने के कारण ही आमजनों को यह असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

**इनका कहना है**

इस उड़ान पुल के भार परीक्षण की अंतिम रिपोर्ट की स्वीकृति का विभाग को इंतजार है। इसके पश्चात स्थानीय नगर परिषद को इस उड़ान पुल के संचालन एवं प्रबंधन के संदर्भ में पत्र सौंपा जाएगा। तब उस पुल की प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर परिषद की प्रारंभ होगी।

दीपक आड़े, संभागीय प्रबंधक
मप्र राज्य सड़क निगम, नर्मदापुरम

## डीईओ ने किया निरीक्षण, विद्यार्थियों से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल द्वारा आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांगीवाड़ा एवं शासकीय हाई स्कूल मारई का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांगीवाड़ा में संचालित प्री-बोर्ड परीक्षा का अवलोकन किया गया। इसके बाद कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों से शैक्षणिक चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालय की भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, आईसीटी लैब तथा व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक हार्डवेयर लैब का निरीक्षण किया गया, जिनकी स्थिति संतोषजनक एवं सुव्यवस्थित पाई गई। विद्यालय परिसर साफ़-सुथरा एवं स्वच्छ पाया गया। अलंकृत पौधे एवं बागवानी सुंदर पाई गई तथा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस उत्कृष्ट व्यवस्था एवं अनुशासन के लिये जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती यास्मीन खान, उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री धीरेंद्र दुबे सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं तथा इसी प्रकार सतत एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल द्वारा शासकीय हाई स्कूल मारई का निरीक्षण किया गया।

### मकर संक्रांति पर सांसद पतंग महोत्सव का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा प्रतिवर्षानुसान इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को पोला ग्राउंड छिंदवाड़ा में सांसद पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया है। विदित हो कि सांसद श्री साहू द्वारा पारंपरिक खेलों को अधिक महत्व दिया जा रहा है, जिसके तहत हाल ही में संपन्न हुए सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पारंपरिक खेलों को शामिल किया जाकर हजारों खिलाड़ियों को पारंपरिक खेलों में खेलने का अवसर प्रदान किया गया। सांसद श्री साहू द्वारा पिछले वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर सांसद पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें बडी संख्या में पतंग प्रेमी प्रेतिभागियों ने पतंगबाजी का लुफ्त उठाया था।

## स्वयं के व्यय पर ठेकेदार द्वारा तोड़ा जायेगा निर्मित डिवाईडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

**ठेकेदार को अमरवाड़ा मुख्य मार्ग में निर्मित डिवाईडर, मापदंड अनुसार नहीं होने पर तोड़ने के निर्देश**

नगर पालिका परिषद अमरवाड़ा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा सर्वसाधारण को अवगत कराया गया है कि नगर पालिका परिषद अमरवाडा में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना चतुर्थ चरण के अंतर्गत मुख्य मार्ग में नवीन डिवाईडर निर्माण कार्य किया जा रहा है। नवीन डिवाईडर निर्माण कार्य निर्धारित माप से अधिक चौड़ाई एवं उँचाई का किया गया था। ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया था तथा निर्माण कार्य तत्काल बंद कराया गया। कार्यालयीन पत्र 07 जनवरी 2026 द्वारा इस निर्माण कार्य के मापदंड अनुसार नहीं होने से संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य तोड़ने के लिये निर्देशित किया गया है। डिवाईडर निर्माण कार्य सही नहीं होने के कारण ठेकेदार द्वारा स्वयं के व्यय पर तोड़कर उसका व्यय स्वयं वहन करेगा। नगरपालिका द्वारा इस निर्माण कार्य का किसी भी प्रकार कोई भी भुगतान नहीं किया गया है।

## गुलाबी गैंग ने नगर निगम प्रशासन को दी चेतावनी

**छिंदवाड़ा।** गुलाबी गैंग कमाण्डर छिंदवाड़ा पूर्णिमा वर्मा ने नगर निगम प्रशासन को चेतावनी देते हुये आगाह किया गया है कि विगत कुछ दिनों से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के नाम पर रेहड़ी, फुटपाथ एवं हाथ ठेले में व्यवसाय कर अपने परिवार का जीवन यापन करने वाले व्यापारियों को अनावश्यक ही बिना किसी नोटिस के अतिक्रमण के नाम पर हटाया जा रहा है एवं उनके साथ अभद्र व्यवहार तो किया ही जाता है साथ ही सामान जप्त कर हजारों रूपयों का नुकसान पहुँचाया जा रहा है । उन्होनें बताया कि छोटा तालाब, श्रेयांस टाकीज के सामने व्यवसाय कर रहे व्यापारियों ने जानकारी दी कि उनके द्वारा विगत 20-25 वर्षो से उक्त स्थल पर व्यवसाय कर अपना एवं परिवार का पालन पोषण किया जा रहा था परंतु कुछ दिनों निगम कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण के नाम हटाकर उनका सामान जप्त कर लिया जाता है, जिससे परिवार के सामने भूखों मरने की समस्या आ गई है और बच्चों को पढ़ा नहीं पाने से उनका भविष्य अंधकारमय हो गया है, एक ओर तो संपूर्ण नगर निगम द्वारा निर्मित काम्पलेक्स जैसे मानसरोवर, गर्ल्स कालेज के सामने एवं अन्य स्थानों में सामने की ओर बने कारीडोर में 10-10 फिट तक व्यापारियों ने कब्जा करके रखा है प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं जाता, परंतु जो गरीब, बेरोजगार अपने परिवार का जीवन यापन के लिये हाथठेलों और रेहड़ी पर दुकान लगाते हैं उन्हे जबरन अतिक्रमण के नाम पर हटा दिया जाता है पूर्णिमा वर्मा ने कहा कि या तो प्रशासन इन व्यवसायियों का पहले स्थायी व्यवस्थापन करें और जब तक व्यवस्थापन नहीं होता तब तक अतिक्रमण की कार्यवाही को रोका जावे, अन्यथा गुलाबी गैंग गरीबों को न्याय दिलाने के लिये उनके साथ खड़ी है और शीघ्र ही इसके विरोध में नगर निगम के सामने धरना प्रदर्शन एवं चक्काजाम किया जायेगा इसकी समस्त जबावदारी शासन-प्रशासन की होगी ।

## नई शिक्षा नीति में रोजगार की अपार संभावनाएँ डॉ. टीकमणी पटवारी



**छिंदवाड़ा।** श्री श्री लक्ष्मीनारायण शासकीय पैचव्हेली स्नातकोत्तर महाविद्यालय परासिया में महिला प्रकोष्ठ एवं आईक्यूएसी के तत्वाधान में एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमे विषय विशेषज्ञ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छिन्दवाडा से डी. टीकमणी पटवारी सहायक प्राध्यापक हिन्दी ने नयी शिक्षा नीति 2020 में रोजगार की संभावनाएँ एवं अवसर विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि यह नीति भारत के युवाओं की क्षमता का पूरी तरह से अपयोग करने और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के लिये शिक्षा को एक मूलभूत आवश्यकता के रूप में देखती है। जो राष्ट्रीय विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिये महत्वपूर्ण है। सिविल एवं सत्र न्यायाला परासिया से अधिवक्ता श्रीमती कचन चौरसिया ने सायबर अपराध बचाव एवं सुरक्षा विषय पर अपना व्याख्यान देते हुये कहा कि सायबर अपराध कम्प्यूटर इंटरनेट एवं डिजिटल डिबाईस का उपयोग करके किया जाने धाला कोई भी गैर कानूनी काम है। जिसमें डेटा चोरी, ट्रेकिंग, ऑनलाईन भोकाधकी, पहचान की घोरी और डिजिटल माध्यम से धमकाना शामिल है जिससे वित्तीय वा व्यक्तिगत नुकसान होता है। इन अपराधों से बचने के लिये मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और अपनी निजी जानकारी सुरक्षित रखें और किसी भी घटना की रिपोर्ट के लिये सायबर क्राईन पोर्टल वा हेल्पलाईन 1930 पर संपर्क करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार बारसिया ने विचार व्यक्त करते हुये कहा महाविधालग छात्राओं की सुख्ता के लिये प्रतिबन्द है। छाजाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं रोजगार के लिये सतत प्रयासरत है।

## शहीद सैनिकों के परिवार जनों का सम्मान समारोह



**छिंदवाड़ा।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था छिंदवाड़ा में दिनांक 09/01/ 2026 को भूतपूर्व सैनिक एवं शहीद सैनिकों के परिवार जनों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें संस्था के प्राचार्य श्री शुभम निमजे जी एवं महिला आईटीआई के प्राचार्य श्री चंद्रभान उईके जी ओर संस्था के प्रशिक्षण अधीक्षक, प्रभारी प्रशिक्षण अधीक्षक,संस्था के वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी कर्मचारी प्रशिक्षणार्थियों, एन सी सी कैडेट्स की उपस्थिति में यह गरिमा में सम्मान समारोह संपन्न किया गया जिसमें संस्था के भूतपूर्व सेवानिवृत्त सैनिक श्री रामा जी पवार एवं शहीद कॉरपोरल विक्की रीना पहाड़े मैडम एवं शहीद कांस्टेबल कबीरदास ममता उईके मैडम एवं परिवारजन का सम्मान किया गया इस अवसर पर संस्था के एनसीसी अधिकारी एवं बटालियन सागर से आए हुए ट्रेनिंग जेसीओ हवलदार बृजेंद्र कुमार डावल उपस्थित रहे।

## नगर निगम छिंदवाड़ा में 'वेस्ट टू आर्ट' कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर पालिका निगम के सभा कक्ष में आज "वेस्ट टू आर्ट" विषय पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम "रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकिल (RRR)" रही, जिसके अंतर्गत कचरे के न्यूनीकरण, पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण के विभिन्न तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

यह कार्यशाला हिमालयन इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरमेंट, इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट, भोपाल सेंटर से आए राज्य समन्वयक संदीप सोनी एवं दर्पण चौबे द्वारा संचालित की गई। कार्यक्रम को पूर्णतः जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शहर में अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं कचरे को संसाधन के रूप में उपयोग करने की सोच विकसित करना था। इस अवसर पर शहर में कार्यरत विभिन्न एनजीओ एवं स्वयं सहायता समूहों ने सक्रिय सहभागिता की और बेकार समझी जाने वाली सामग्री से उपयोगी व कलात्मक उत्पाद तैयार करने की जानकारी प्राप्त की।

### औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को गति देने के लिए कलेक्टर श्री नारायन ने ली बैठक

**छिन्दवाड़ा।** जिले के औद्योगिक क्षेत्रों के विकास को गति देने के लिए कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में उद्योगों के विकास से जुड़े अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम के क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के कार्यकारी संचालक (आई.ए.एस) श्री अनिल कुमार राठौर व कार्यपालन यंत्री श्री अजय मालवीय, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक श्री आर.एस.उईके, आयुक्त नगर निगम छिंदवाड़ा श्री सी.पी.राय, उप महाप्रबंधक जल निगम श्री बसंत कुमार सहित एम.पी.पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड एवं श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले के पूर्व से स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान पर और नवीन औद्योगिक क्षेत्र सीदप और लिखड़ी के समुचित विकास की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

## छोटा तालाब क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण

**नगर निगम लगातार कर रहा अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त श्री सी. पी. राय के आदेशानुसार छोटा तालाब के सामने स्थित मार्ग एवं मुख्य गेट के दोनों ओर फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर लगी गुमठियों को जब्त किया गया तथा अतिक्रमण हटाने हेतु फटका मशीन की सहायता ली गई। नगर निगम अमले द्वारा संबंधित व्यक्तियों को उक्त स्थल पर पुनः अतिक्रमण न करने की सख्त हिदायत भी दी गई। नगर निगम द्वारा की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य सार्वजनिक मार्गों एवं फुटपाथों को आम नागरिकों के आवागमन हेतु सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखना है। भविष्य में भी शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

### विवेकानंद कॉलोनी में पाइपलाइन से निकली पेड़ की जड़

विवेकानंद कॉलोनी में गंदे पानी की शिकायत मिलने पर नगर निगम की जल प्रदाय शाखा ने क्षेत्र में जांच की। जांच के दौरान पाइपलाइन को दो स्थानों से काटकर देखा गया, जहां उसके भीतर पेड़ की जड़ पाई गई। इसी कारण क्षेत्र में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही थी। विभागीय टीम ने मौके पर ही मरम्मत कार्य कर पाइपलाइन को दुरुस्त किया। सफाई एवं मरम्मत के बाद स्वच्छ जल आपूर्ति सुचारु रूप से चालू हो गई है। स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को सोनपुर स्थित ओवरहेड टैंक की भी सफाई कराई गई। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में नियमित जांच और रखरखाव के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

## अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में नेताद्वय के प्रयासों से लगे दो ट्रांसफार्मर

**छिन्दवाड़ाः-** अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दामखोह के पीपलाढ़ाना एवं झिरना ग्राम के किसान भाइयों व आमजन के माथे पर दौड़ी चिंता की लकीरें मिट चुकी है। अब उनके चेहरे की खुशियां लौटकर दोगुनी हो चुकी है। किसान भाइयों व आमजन ने स्वयं को चिंता व समस्या मुक्त होने का पूर्ण श्रेय मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ को दिया है साथ ही हृदय से धन्यवाद भी दिया है। कमलनाथ एवं नकुलनाथ के गत दौरे पर ग्राम दामखोह के पीपलाढ़ाना व ग्राम झिरना के किसान भाइयों व आमजन ने व्यक्तिगत भेंट की। इस दौरान विद्युत आपूर्ति, वोल्टेज की समस्या व बार-बार ट्रिपिंग से सूखती हुई फसलों से अवगत कराया। किसान भाइयों ने बताया कि अविलम्ब दोनों ही स्थानों पर पर्याप्त क्षमता वाले बिजली के ट्रांसफार्मर नहीं लगाए गए तो फसलें बर्बाद हो जाएगी। किसान भाइयों ने ग्राम दामखोह के पीपलाढ़ाना एवं झिरना में अविलम्ब ट्रांसफार्म लगाने की मांग नेताद्वय के समक्ष रखी। नेताद्वय ने उनकी मांगों को गम्भीरतापूर्वक दृष्टिगत रखते हुए तत्काल ठोस निर्णय लिए। ताकि समय रहते ट्रांसफार्मर लगाए जा सके जिससे किसान भाइयों व आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो सके। कमलनाथ एवं नकुलनाथ के प्रयासों से ग्राम पीपलाढ़ाना में 100 केव्हीए व ग्राम झिरना में 63 केव्हीए का ट्रांसफार्मर लगाए जा चुके हैं। श्री देवलाल जी एवं श्री नारायण भलावी जी सहित ग्रामवासियों के साथ ही विधानसभा क्षेत्र की जनता ने लम्बे समय से बनी हुई इस बड़ी समस्या के निदान करने पर नेताद्वय का हृदय से कोटि-कोटि आभार माना है।

**समाजसेवी नितेश बेलवंशी और विकास भोयकर के सहयोग से बच्चों को मिले गर्म कपड़े**

## बिछुआ स्कूल के विद्यार्थियों के कम्बल पाकर खिल उठे चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा





बढ़ती ठंड को देखते हुए जिले के बिछुआ विकासखंड के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछुआ के बच्चों को कम्बल एवं स्वेटर वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बढ़ते ठंड को देखते हुए कम्बल और स्वेटर का वितरण बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर गया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक, बच्चों के अलावा छिंदवाड़ा से आए अतिथि भी शामिल हुए। विद्यालय के प्राचार्य सुरेश बरखे ने बताया कि गर्म कपड़े वितरण का यह तीसरा वर्ष है। लगातार तीन वर्षों से हम सहयोग से बच्चों को गर्म कपड़े वितरित करने का काम कर रहे है। इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम बच्चों में सुरक्षा और अपने आप की भावना पैदा करते है। कार्यक्रम के दौरान गर्म कपड़ों की व्यवस्था करने वालों समाज सेवी नितेश बेलवंशी और विकास भोयरकर भी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि ठंड के दिनों में बच्चों के स्वास्थ्य और पढ़ाई पर प्रतिकूल असर न पड़े इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह पहल की गई है। नितेश बेलवंशी ने बताया कि बच्चों के चेहरे की खुशी उनके लिए आत्मीय सुकून का विषय है। परंतु यह खुशी और बढ़ जाएगी जब बच्चे गत वर्ष की तरह पुनः इस वर्ष भी शत प्रतिशत रिजल्ट देकर स्कूल का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वैभव अलोनी, रंजीत रत्ने, वर्मा सर, रेणुका गड़करी, रघुवंशी सर, जैन सर, राजवीर धाकड़ , शुभम सूर्यवंशी, सरस्वती खरपुसे, सहारे मेडम, शैलेन्द्र धन्तोले, के अलावा सभी शिक्षकगण मौजूद रहे। शिक्षकों ने बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की थी। अपनापन की यह भावना और मानवीय दृष्टिकोण को देखते हुए बच्चों के मनोबल को बढ़ाने का काम करेगी और निश्चित रूप से बच्चे शत प्रतिशत रिजल्ट के लिए प्रयास करेंगे।

### मतदाता सूची के गहन परीक्षण में सभी बड़े व छोटे नेता और कार्यकर्ता जिम्मेदारी से कार्य करे : नवीन बारस्कर

**छिंदवाड़ा।** राममंदिर नगर भाजपा मंडल में बूथवार बैठक लगातार जारी है।मतदाता सूची के गहन परीक्षण और शुद्धिकरण के लिए भाजपा संगठन से प्राप्त निर्देशों पर राम मंदिर नगर मंडल 3 द्वारा सभी वार्डों और बूथों पर बैठक कर कार्यकर्ताओं को इस काम को जिम्मेदारी से करते हुए इससे संबंधित जानकारी दी जा रही है। बैठकों में कार्यकर्ताओं को बताया जा रहा है कि सभी नव मतदाताओं को जोड़ो तथा जो मृत, स्थानांतरित और दोहरे नाम है इनके नाम कटवाने की कार्यवाही शीघ्र करे। इस तारतम्य में वार्ड 26 और वार्ड 34 की बैठक में कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, महामंत्री पंकज पाटनी, जिला मंत्री श्रीमती गरिमा दामोदर, विकास राय ने संबोधित किया।

## महिला कांग्रेस सेवादल की समीक्षा बैठक का हुआ समापन

**छिन्दवाड़ाः-** महिला कांग्रेस सेवादल की मासिक समीक्षा बैठक राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में सम्पन्न हुई। कांग्रेस सेवादल महिला अध्यक्ष डॉ. शबाना यास्मीन खान ने बताया कि बैठक में जनवरी माह के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। 11 जनवरी को लालबहादुर शास्त्री जी की पुण्यतिथि पर शहीद स्मारक की साफ-सफाई, 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर संगोष्ठी, 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 18 जनवरी को हल्दी-कुमकुम, 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर सुभाष पार्क पर गॉड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। 25 जनवरी को मासिक झंडा वंदन। 30 जनवरी को शहीद दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेश कपाले एवं सेवादल जिला प्रभारी राकेश मरकाम उपस्थित रहे। इस अवसर पर शबाना यास्मीन खान, सिंधु यादव, रवीना कोचे, सन्नो कुमरे, प्रेमलता उईके, स्वरूपशरण उईके एवं रामशिला उईके , कनीजा कुरैशी,सहित महिला कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजित बैठक में वार्ड क्रमांक 23 से राशिका बघेल को वॉर्ड अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

### बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों ने सिर पर कलश रखकर किया नगर भ्रमण

# अक्षत कलश यात्रा का नगर भ्रमण, उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

आगामी 21 जनवरी को जुन्नारदेव नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन नगर के नंदलाल सूद स्कूल ग्राउंड में किया जाएगा। इसके पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत 9 जनवरी दिन शुक्रवार को नगर के गायत्री मंदिर से भव्य अक्षत कलश यात्रा नगर भ्रमण हेतु निकल गई। अक्षत कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में जन सैलाब यात्रा की अगुवाई करता नजर आया साथ ही हिंदू सम्मेलन समिति के पदाधिकारी सहित नगर के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक और राजनेतागण भी इस अक्षत कलश यात्रा में सम्मिलित हुए।



### महिलाओं ने की अक्षत कलश यात्रा की अगुवाई

अक्षत कलश यात्रा का शुभारंभ स्थानीय गायत्री मंदिर जुन्नारदेव से किया गया जिसकी अगुवाई नगर की महिलाओं द्वारा की गई। सैकड़ो की संख्या में नगर की महिलाएं यात्रा में सम्मिलित हुई और सर पर अक्षत कलश रख नगर भ्रमण किया। अक्षत कलश यात्रा का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत सत्कार भी स्थानीय जनों द्वारा किया गया। यात्रा के दौरान बैंड बाजे और डीजे की मधुर धार्मिक धुन पर बच्चे युवा महिला बुजुर्ग सभी रखते नजर आए।

### नगर हुआ भगवामय

यात्रा के पूर्व ही पूरे नगर को भगवा में कर दिया गया था जगह-जगह भगवा पताका लहरा रही थी इसके अतिरिक्त नगर के मुख्य चौक चौराहा पर भगवा तोरण एवं भगवा रंग से चौक चौराहा को सजा दिया गया था इस भक्तिमय वातावरण में सैकड़ो हिंदू भारत माता की जय के उद्घोष के साथ आगे बढ़े नगर के समूचे मार्गो का भ्रमण करने के उपरांत अक्षत कलश यात्रा का समापन नगर के श्री राम मंदिर में आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

### पुलिस की रही चाक-चौबंद व्यवस्था

अक्षत कलश यात्रा के पूर्व ही अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सुनील वरकडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राकेश बघेल के निर्देशन में भव्य जल कलश यात्रा के दौरान पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद बंद रही जहां पर यात्रा की अगवाई स्वयं थाना प्रभारी एवं उप थाना प्रभारी मुकेश डोंगरे द्वारा की गई और अपने अधीनस्थ स्टाफ को पूर्ण व्यवस्था संभालने के लिए लगाया गया नगर के चौक चौराहा पर यातायात व्यवस्था से लेकर संपूर्ण जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा संभाली गई। कलश यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में हिंदू समाज के बच्चे बूढ़े युवा महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे साथ ही हिंदू सम्मेलन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## धीरज सिंह कुशवाह की नियुक्ति करणी सेना परिवार के बने ब्लॉक अध्यक्ष



**जुन्नारदेव।** माता करणी को समर्पित करणी सेना परिवार की टीम का हर जिले व ब्लॉक में लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर के निर्देशानुसार एवं संभागीय समिति के रितिक सिंह चौहान की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर ने जुन्नारदेव ब्लॉक अध्यक्ष पद पर क्षेत्र के युवा तुर्क धीरज सिंह कुशवाह की नियुक्ति की है। समाज सेवा तथा राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय युवा तुर्क धीरज सिंह कुशवाह अपने इस दायित्व के पहले जिला अध्यक्ष धर्म सेना, पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता युवा मोर्चा सहित बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में अपने आप को प्रमाणित किया है। पूर्व नपा अध्यक्ष आदर्श शर्मा के मार्गदर्शन में इन्होंने अपना राजनीतिक एवं सामाजिक करियर को एक नई दिशा दी थी। करणी सेना परिवार में उनकी इस नियुक्ति पर इस क्षेत्र के समस्त राजपूत वर्ग सहित सामाजिक संगठनों, राजनीतिक संगठनों सहित अधिकारियों व व्यापारियों ने उन्हें बधाई दी है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर का हुआ सफल आयोजन



**जुन्नारदेव।** जामई सामुदायिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में शुक्रवार 9 जनवरी को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के अंतर्गत विशेष गर्भवती महिला जांच शिविर का सफलआयोजन शिविर के प्रभारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुरेश नागवंशी के कुशल निर्देशन में किया गया। शिविर के दौरान डॉ. सोनम यादव द्वारा गर्भवती महिलाओं का विस्तृत चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। इस अवसर पर कुल 58 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें से 29 गर्भवती महिलाएं उच्च जोखिम की श्रेणी में पाई गईं। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को आवश्यक परामर्श, उपचार एवं आगे की जांच/रेफरल की उचित व्यवस्था की गई। शिविर का उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं की समय रहते पहचान कर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करना रहा। शिविर में स्वास्थ्य स्टाफ द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण, नियमित जांच, संस्थागत प्रसव एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। गौरतलब हो कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में इसके स्टाफ नर्स एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ द्वारा चार बच्चों की नॉर्मल डिलीवरी करा कर जुन्नारदेव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जिले में एक उल्लेखनीय उपलब्धि प्रदान की जा चुकी है वर्तमान में भी गर्भवती एवं गर्भधात्री महिलाओं के लिए विशेष रूप से परामर्श के साथ-साथ औषधि भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में प्रदान की जा रही है।

## आश्रयवी फाऊंडेशन ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** स्वास्थ्य के प्रति छात्रो मे जागरूकता उत्पन्न करने ओर स्वास्थ्य के प्रति सजग रेहने स्थानीय उतकृष्ट बालिका छात्रावास मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन,आश्रयवी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा विवांता हास्पिटल के सहयोग से किया गया ।,इस अवसर पर शिविर मे उपस्थित प्राचार्य दिलीप ढोके ने कहा की पढाई के साथ अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया जिससे की छात्राओ का बोद्धिक विकास हो सके ।आश्रवी फाऊंडेशन के राज्य समन्वयक संजय साहू ने छात्रो को सम्बोधित करते हुये कहा की छात्रो के सर्वांगीण विकास के लिए छात्रो का समय समय पर स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाना अति आवश्यक होता हे जिससे की अध्ययपन कार्य प्रभावित ना हो ओर वे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके । विवांता हास्पिटल के डारेक्टर बलराम मेघानी ने बताया की वर्तमान मे छात्राओ मे हीमोग्लोबिन की कमी अधिकांशतः देखी गई हे जिसका मुख्य कारण सही खान पान ना करना आज इस अवस्था मे छात्राओं का मानसिक विकास पोषण युक्त आहार के सेवन होता हे ,ओर शारीरिक स्वच्छता का भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती हे इन विषयों पर आम छात्राओं को भी जागरूक करने की भी आवश्यकता हे इसी क्रम मे आज 70 छात्राओ का स्वास्थ्य परिक्षण किया गया।

# लाइनमैन को हटाने अधीक्षण अभियंता से की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

न्यूटन चिखली कलां विद्युत वितरण क्षेत्र में कार्यरत लाइनमैन को हटाने की मांग समाज सेवी दिलीप जायसवाल नेअधीक्षण अभियंता मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड स/सा व्रत छिंदवाडा से की है ।दिलीप जायसवाल ने अधिकारी को पत्र लिखकर अवगत कराया , कि वशीम खान लाइनमैन को कुछ महीने पहले यहां से हटाया गया था लेकिन इन्हें यहां चिखली कला में फिर से अतिरिक्त प्रभार दिया गया है , क्यूंकि यहां पदस्थ लाइनमैन अलीम खान पिछले 6 महीने से नहीं आ रहा है । न्यूटन चिखली कलां में स्थाई लाइनमैन नहीं होने के चलते न्यूटन क्षेत्र को शहरी फीडर से लाइन दी जाती है , लेकिन यहां पर कई लाइनें 24 घंटे वाली लाइन से जुड़ी है , जो कि शहरी फीडर से ग्रामीण क्षेत्र में जाती है । कुछ किसानों को 10 की जगह 24 घंटे बिजली मिल रही है , जिससे बिजली कम्पनी को हर महीने लाखों का नुकसान हो रहा है । कुछ समय पूर्व अधिकारी द्वारा बताया गया था , कि किसानों की पंप लाइन अलग होने वाली है , कई जगहों पर पोल गिर गए हैं , लेकिन आज दिनांक तक काम चालू नहीं हुआ है । काम चालू नहीं होने के लिए श्री जायसवाल का आरोप है , कि वशीम खान के द्वारा किसानों से सांठ - गांठ कर किसानों की लाइन शहरी फीडर से जोड़ दी जाती है और वो ऐसा कई वर्षों से कर रहे है । जिसके कारण न्यूटन टाउन में काफी दिक्कत होती है । न्यूटन क्षेत्र में एक स्थाई लाइनमैन की व्यवस्था कर दी जाए तो यहां कोई दिक्कत नहीं होगी । श्री जायसवाल का आरोप है , कि चिखली कलां विद्युत केंद्र में पदस्थ अधिकारी सुनते नहीं हैं । अधिकारी फोन नहीं उठते । कई बार बिजली से जुड़ी समस्याओं को लेकर कार्यपालन अभियंता को लिखित एवं मौखिक रूप से

## कार्यालय नगर परिषद बड़कुही में आयोजित बैठक में गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर हुई चर्चा



**परासिया।** कार्यालय नगर परिषद बड़कुही में 9 जनवरी शुक्रवार को परिषद की बैठक हुई । जिसमें गणतंत्र दिवस मनाने और अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई , व सर्व सहमति से निर्णय लिया गया । बैठक परिषद अध्यक्ष भरत डेहरिया की अध्यक्षता और सी एम ओ रंजीत अहके की उपस्थिति में हुई । एजेंडे के अनुसार बैठक में गणतंत्र दिसव (26 जनवरी 20:26) पर्व मनाये जाने के सबंध में विचार एवं निर्णय , एस०बी०एम० 2.0 योजना अंतर्गत लिक्विड वेस्ट मेनेजमेंट प्लांट निर्माण कार्य की समय अवधि में वृद्धि एवं नवीन भूमि आबंटन के अनुसार कार्य कराये जाने की स्वीकृति के संबंध में विचार एवं निर्णय , अमृत 2.0 योजना अंतर्गत जल प्रदाय योजना के कार्यों की समय अवधि बढ़ाने के संबंध में विचार एवं निर्णय , भवन नामान्तरण के संबंध में विचार एवं निर्णय लिया गया ।

## हिंदू सम्मेलन को लेकर हुई बैठक, नगर में निकाली गई कलश यात्रा




**बिछुआ।** शुक्रवार को मंगलम लान, बिछुआ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा खंड बिछुआ की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिछुआ खंड एवं उपखंड, मंडल स्तर के दायित्ववान कार्यकर्ता, स्वयंसेवक तथा विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में आगामी समय में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सम्मेलन की तैयारी, जनसंपर्क एवं व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।बैठक के पश्चात नगर में हिंदू जागरण कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा भगवा ध्वज के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं नगरवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पूरे नगर में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण देखने को मिला।कलश यात्रा के माध्यम से हिंदू एकता, संस्कृति और जागरण का संदेश दिया गया।

## गुनई में 12 जनवरी को प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुनई में 12 जनवरी सोमवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंति मनाई जायेगी। इस अवसर पर ग्राम में तथागत गौतमबुद्ध, वीरांगना रानी अंवतिबाई लोधी , बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा । तथा रात्री में आर्केस्टा का कार्यक्रम रखा गया है जिसमे कालाकारो के द्वारा प्रस्तुती दि जाएगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वारासिवनी खैरलांजी विधायक विवेक पटेल, भदंत डा.चंद्रकीर्ति राष्ट्रीय सलाहकार आल इंडिया बोधिस्ट फोरम, समाजसेवी राजेश पाठक उपाध्यक्ष म.प्र कबड्डी संघ , समाजसेवी संजय सिंह कच्छवाह अध्यक्ष जिला राजपूत समाज, गुनाराम बघेले जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी खैरलांजी, प्रवीण मेश्राम संस्थापक संविधान फाउंडेशन बालाघाट, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, जावेद अली जिलाध्यक्ष राहुल गांधी विचार मंच, सामाजिक कार्यकर्ता भारत सिंह शिवहरे, देवराज भोयर, पूर्व जनपद सदस्य निलकंट बिसेन, सुभाष क्षीरसागर चुटिया सरपंच प्रतिनिधी, संदीप लिल्हारे सरपंच नवेगांव तीन, नरेंद्र ठकरले सरपंच घोटी, प्रपूल नागपुरे भेंडारा सरपंच, परमेश्वरी बिरनवार सरपंच गुनई, सामाजिक कार्यकर्ता हीरालाल भगत सहित अन्य सामाजिक प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहेंगे ।

## जहां संतों का समागम होता हैं, वह स्थान तीर्थ बन जाता है-विवेक पटेल

### संत समागम में शामिल हुए विधायक



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलॉजी के ग्राम पंचायत सतोना की कबीर कुटी में 3 दिवसीय कबीर संत समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दामा खेड़ा रायपुर से पहुँचे संत मेलादास साहेब द्वारा धर्म की ओर चलने की प्रेरणा देते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन दिया गया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए, मानव को मानवता का ज्ञान होना चाहिए। उन्होंने मानवता के लिए रोशन मीनार बनने की सीख देते हुए सबको ज्ञान की रोशनी में लाने और प्यार फैलाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने पहुँच कर संत मेलादास साहेब का आशीर्वाद प्राप्त किया।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मानवता आपसी प्रेम के साथ आगे बढनी चाहिए। मनुष्य को घमंड नहीं करना चाहिए, भाईचारा बनाये रखना चाहिये। मनुष्य को दिखावा नहीं करना चाहिए, धर्म को जोडना चाहिए, झूठ नहीं बोलना चाहिये, हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। कबीर जी हमें मानव को मानवता से जोडने की प्रेरणा देते है। मैं पहले सामान्य व्यक्ति के रूप में आया था। अब आपके आशीर्वाद के बाद मैं विधायक बनकर आया हूँ। अच्छा इंसान बने, कौन क्या कर रहा है? इससे मतलब नहीं रखे। हमेशा सत्य और धर्म के मार्ग पर चले। मैं खुद लोगों से कहता हूँ कि संतों के सानिध्य में रहें, हमें अच्छा सीखने को मिलता है।

उन्होंने कहा कि हमारा मिशन लोगो की सेवा में लगा रहना है। संतों के उद्देश्य को जनता तक पहुँचाये, हमेशा हमारे क्षेत्र में संतों का आशीर्वाद बना रहें। जहॉं संतों का आगमन होता है, वह स्थान तीर्थ बन जाता है। हमेशा हमारे वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र में संतों का आशीर्वाद बना रहता है। कबीर जी के दोहे जब भी सुनो, तो मन खुश हो जाता है। कबीर जी के दोहे के हर शब्द का अर्थ निकलता है।

## ग्राम सोनपुरी को नूतन कला निकेतन के मंच पर सम्मानित किया



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** आदिवासी नृत्यों ने मोहा मन, भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय का आयोजन, निकेतन अध्यक्ष बोले विलुप्त होती संस्कृति को सहेजने का सार्थक प्रयासबालाघाट। जिले की सांस्कृतिक संस्था नूतन कला निकेतन के मंच पर मंगलवार की रात भारत सरकार के सहयोग से संस्कृति सौरभ ग्रामीण विकास शिक्षा एवं जन कल्याण समिति भोपाल ने करमा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसे देखने के बाद अतिथि दर्शकों और संस्कृति प्रेमियों ने इसका आनंद लिया। दरअसल निकेतन में 4 दिवसीय सौरभ ग्रामीण विकास शिक्षा एवं जन कल्याण समिति स्वर्गीय शेषमणि पाण्डेय स्मृति करमा नृत्य का आयोजन कर रही है। जिसमें देर रात्रि तक ₹आंचलिक धरोहर₹ नृत्य दल ने करमा शैला, सुआ, बिहाव ददरिया सहित अन्य पारंपरिक आदिवासी नृत्यों की प्रस्तुति "दी गई।जिसमें समाजसेवी अमन गौतम द्वारा जगह जगह एवं अन्य ज़िलो में भी गेढ़ी नृत्य का नेतृत्व अमन गौतम द्वारा किया जाता है गेढ़ी नृत्य दूल के मुखिया संतोष कोलते और दल के 16 साथियों की मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। निकेतन अध्यक्ष रूप बनवाले ने बताया कि संस्था, विलुप्त होती संस्कृति को सहेजने कर रही प्रयासों में ये एक सार्थक कदम है। ताकि आने वाली पीढी हमारी संस्कृति से रू-ब-रू हो सके और ग्रामीणांचल क्षेत्र के रहन-सहन तथा उनके द्वारा मनाए जाने वाले उत्सव, विशेष अवसरों विवाह, दशहरा, दीपावली, नया चांद दर्शन, नई फसल जैसे अवसरों में एकत्रित होकर नृत्य करते हैं एवं विशेष वाद्ययंत्रों का उपयोग करते हैं। जिसे संस्था ने नृत्य के माध्यम से दिखाने तथा संस्कृति और सभ्यता को सहेजने का जो सार्थक कदम उठाया है वह प्रशंसनीय है। गेढ़ी नृत्य में संतोष कोलते सुजल परते मनोज नेवारे के साथ कलाकार राजकुमार सहारे मुकेश कोलते अंकित चौरगाड़े धनराज सहारे जितेंद्र बर्वे घनस्याम कोड़पे रवि उईके रूही कोलते ख़ुशी कोलते दामिनी दुर्गेश्वरी ठाकरे शामिल रहे।

### भविष्य की कठिनाईयों व परेशानियों को दरकिनार कर निर्णय ले रहे अधिकारी-जनप्रतिनिधि

# वारा में संदीपनी विद्यालय के पास जनपद पंचायत भवन निर्माण की चर्चायें गरम

### यातायात का भारी दबाव रहता है बालाघाट मार्ग, विद्यालय के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है

## आदिवासियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** तहसील मुख्यालय वारासिवनी से सटी हुई ग्राम पंचायत वारा में बालाघाट मुख्य सडक़ मार्ग से लगी हुई खाली पड़ी शासकीय भूमि पर आदिवासियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की पूजा अर्चना और प्रस्तावित भवन के साथ ही प्रस्तावित जनपद पंचायत भवन निर्माण की प्रक्रिया लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक जनपद क्षेत्र में सर्वसुविधायुक्त जनपद पंचायत भवन बनाने का निर्णय लेने के बाद उसके लिए लगभग 5 करोड़ रुपये की राशि भी आवंटित की गई है। शासन के निर्देशानुसार जनपद पंचायत भवन का निर्माण के लिए लगभग 2 एकड़ भूमि होना आवश्यक है। जिसको लेकर पिछले कुछ महीनों से जनपद पंचायत वारासिवनी के अध्यक्ष, सीईओ, एसडीएम, पूर्व विधायक व विधायक के साथ ही जनपद पंचायत के सदस्यगण भी माथापच्ची कर रहे थे। लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार ग्राम पंचायत वारा में संदीपनी विद्यालय के समीप की शासकीय भूमि पर जनपद पंचायत का भवन बनाने का निर्णय लिया गया हैं।

इस निर्णय के साथ ही कुछ विवाद भी खड़े हो गए है। जिस भूमि का चयन जनपद भवन के निर्माण के लिए किया गया है। उस भूमि पर वर्तमान समय में आदिवासी समाज द्वारा बड़ा देव की पूजा अर्चना की जाती है और वहॉ पर बड़ा देव तथा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना के लिए आदिवासी समाज द्वारा लगभग 2 वर्षो से लगभग 1.15 एकड़ भूमि की मॉग शासन से की जा रही है। जिसकी प्रक्रिया भी पूरी होने के करीब पहुँच चुकी है। ऐसी स्थिति में अचानक ही जनपद भवन के निर्माण के लिए उस भूमि को चिन्हित कर आवंटित करने की चर्चा सुनकर आदिवासियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है।

आदिवासियों के आक्रोश को देखते हुए जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा आनन फानन में उनके साथ बैठक की गई और उन्हें उसी स्थान के पास मुख्य सडक़ मार्ग के पास में 50 डिसमिल भूमि प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। लेकिन प्रशासन के इस आश्वासन से सशंकित आदिवासियों ने शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय पहुँच कर एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल को एक ज्ञापन सौंपकर उन्हें प्रदान की जानी वाली भूमि को शासन के दस्तावेजों के कालम नम्बर 12 में अंकित करने की मॉग कर डाली है। जिससे भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

विदित हो कि जिस स्थान पर जनपद भवन बनाने का निर्णय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों व जनपद पंचायत के कर्ताधर्ताओं द्वारा लिया गया है, उस स्थान से लगकर सांदीपनी विद्यालय स्थित है। जिसमें लगभग 2100 विद्यार्थी अध्ययनरत है। दूसरी ओर वर्तमान में ग्राम वारा में ही रेल्वे क्रासिंग के ऊपर से बन रहा ओवरब्रिज भी उसके नजदीक जाकर ही समाप्त होगा। तीसरी ओर गर्रा से वारासिवनी होकर तुमसर तक टू लेन बनाने का निर्णय भी सांसद भारती पारधी के पत्र के बाद केन्द्रीय सडक़ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने ले लिया है और उससे संबधित पत्र भी उनके द्वारा सांसद को भेजा गया है।

### ग्रापं. टेमनी के चौंदाटोला में मरारमाली और कुनबी समाज हुए आमने-सामने

# संभाजी महाराज मूर्ति स्थापना स्थल पर तोडफ़ोड़, गांव में तनाव

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत टेमनी में मरारमाली समाज एवं कुनबी समाज के लोगों में मूर्ति स्थापना स्थल में तोडफ़ोड़ किये जाने पर तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत टेमनी के चौंदाटोला में कुनबी समाज द्वारा संभाजी महाराज की मूर्ति स्थापना हेतु भूमिपूजन के पश्चात निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था परंतु मरार समाज के लोगों द्वारा इसका विरोध करते हुए एसडीएम कार्यालय में निर्माण कार्य पर रोक लगाने के लिये आवेदन भी दिया गया था। जिस पर तहसील न्यायालय द्वारा 8 जनवरी को स्थगन आदेश भी जारी कर दिया गया परंतु मरार समाज द्वारा स्थगन आदेश लेकर लांजी थाने में भी आवेदन किया गया जिस पर थाना प्रभारी द्वारा मौका स्थल की जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। परंतु 8 जनवरी की रात्रि 10 बजे के आसपास मरार समाज के लोगों द्वारा मूर्ति स्थापना निर्माण



स्थल पर पहुंचकर मूर्ति स्थापना हेतु बनाये जा रहे कॉलम को उखाड़कर फेंक दिया गया। जिससे रात्रि में दोनो ही समाज के लोगों के बीच तनाव की स्थिति निर्मित हो गई और कुनबी समाज के लगभग सैकड़ा भर से अधिक ग्रामीण लांजी थाना पहुंचकर उपद्रवियों पर कार्यवाही की मांग करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने पर अड़े रहे। उक्त घटनाक्रम की शिकायत लेकर कुनबी समाज के लोग क्षेत्रिय विधायक राजकुमार कर्राहे के निवास पर भी रात 12 बजे पहुंचे और उन्हें घटना के संबंध में अवगत कराया। इसके पश्चात विधायक श्री कर्राहे ने पुलिस प्रशासन से चर्चा कर मामले का निराकरण करने के निर्देश दिये थे।

### दिन भर बनी रही गहमागहमी, बैरंग लौटा प्रशासन

उक्त मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन का अमला सुबह 9 बजे ही ग्राम चौंदाटोला पहुंच चुका था और दोनो पक्षों को समझाने के प्रयास में लगा रहा। परंतु ग्रामीण किसी भी शर्त पर किसी को सुनने तैयार नहीं थे। इस दौरान एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार भी मौका स्थल अपनी टीम के साथ पहुंचे परंतु उन्हें भी यहां निराशा ही हाथ लगी और वे भी वहां से बैरंग ही लौट गये। इसके पश्चात ग्राम चौंदाटोला के सभामंच स्थल पर भी सरपंच प्रतिनिधी और ग्रामीणों की कई घंटे चर्चा हुई परंतु नतीजा सिफर रही। समझाईश देने के बाद भी ग्रामीणों के नहीं मानने पर पुलिस द्वारा दोनो पक्षों को लांजी थाना बुलाया गया था जिसमें भी मूर्ति स्थापित करने वाले पक्ष ने असहमति जताते हुए समझौते से इंकार कर दिया। वहीं देर शाम सरपंच प्रतिनिधी लक्ष्मण कावरे द्वारा इस मामले में विधायक राजकुमार कर्राहे से फोन पर चर्चा कर मामले का हल निकालने की गुहार लगाई। ताकि ग्राम में आपसी भाईचारा और सद्भावना का वातावरण बना रहे।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत टेमनी के चौंदाटोला में मूर्ति स्थापना को लेकर दो पक्षों में विवाद मामले की जानकारी मिली है। दोनो पक्षों को बुलाकर समझाईश देने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में आगे जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**कमलचंद सिंहसार,**
**एसडीएम लांजी**

**खबर संक्षेप**

### बस स्टैंड पर अव्यवस्थित खड़े होने वाले 15 ऑटो चालकों पर यातायात पुलिस की कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्ग दर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा निरंतर यातयात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है साथ ही आम नागरिकों से यातायात नियमो का पालन करने की भी समझाइश दी जा रही है।
प्रायः यह देखने में आता है के कुछ ऑटो चालक बस स्टैंड बसों के प्रवेश एवं निकासी वाले स्थान पर ऑटो लगा कर सवारी चढ़ाते एवं उतारते है, जिससे बसों के आवागमन में व्यवधान होने से यातायात प्रभावित होता हैं। यातायात पुलिस सिवनी द्वारा ऐसे ही ऑटो चालक ऊपर शक्ति से कार्रवाई की गई, विगत 2 दिवसों में ऐसे कुल 15 ऑटो वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 7500 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया।
कार्यवाही के उपरांत सभी ऑटो चालकों को हिदायत दी गई की वे यातायात नियमों का पालन करें। वाहनों को अवस्थित रूप से सडकों पर ना खड़ा करें एवं नियमों का पालन करते हुए नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में अपना योगदान दें।

### युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 12 जनवरी 2026 को स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस युवा दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह एवं अपर कलेक्टरसी.एल. चनाप की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम का आयोजन 12 जनवरी 2026 को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले की शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं, योग संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों तथा नागरिकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

# जंगल होम एवं गोंडवाना कैंप रिजॉर्ट को जारी हुआ इंप्रूवमेंट नोटिस

## कुरई स्थित विभिन्न रिजॉर्ट्स का जांच दल द्वारा औचक निरीक्षण

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार नागरिकों एवं पेंच राष्ट्रीय उद्यान में आने वाले पर्यटकों को स्वच्छ एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग सिवनी द्वारा जिले के होटलों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत औचक निरीक्षण किया जा रहा है।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

इसी क्रम में पेंच पार्क क्षेत्र में संचालित होटलों में खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार खाद्य नमूने जांच हेतु लिए जा रहे हैं। विगत दिवस जांच दल द्वारा पेंच पार्क क्षेत्र स्थित होटलों के निरीक्षण के दौरान जंगल होम रिजॉर्ट में नॉनवेज, चावल एवं अन्य खाद्य पदार्थ साफ-सुथरी स्थिति में नहीं पाए जाने पर सुधार सूचना पत्र (इंप्रूवमेंट नोटिस) जारी किया गया। साथ ही इमली एवं चावल के नमूने जांच हेतु लिए गए। इसी दौरान तथास्तु रिजॉर्ट से पनीर का नमूना तथा गोंडवाना कैंप रिजॉर्ट से बड़ी इलायची एवं दालचीनी के नमूने जांच के लिए संकलित किए गए।

निरीक्षण के दौरान गोंडवाना कैंप के किचन में अत्यधिक गंदगी पाए जाने एवं वेज एवं नॉनवेज खाद्य सामग्री एक ही स्थान पर रखे जाने के कारण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वच्छ वातावरण में गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री के निर्माण एवं भंडारण के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सडक़ किनारे खेत के गड्ढे में जा गिरी कार



**सिवनी।** जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में हनुमान मंदिर के पास सुबह के समय सडक़ हादसा हुआ। तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर सडक़ किनारे खेत के गड्ढे में जा गिरी। हादसे में कार सवार सभी लोग सुरक्षित रहे और कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह कार सिवनी से मंडला की ओर जा रही थी। सुबह के समय कान्हीवाड़ा स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचते ही चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सडक़ से उतरकर सीधे खेत के गड्ढे में जा घुसी। हादसे के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार सवारों की मदद की। घटना की सूचना तत्काल कान्हीवाड़ा पुलिस को दी गई।

## धान परिवहन में परिवहन कर्ता के द्वारा की जा रही है मनमानी

सिवनी जिले में सरकारी नीतियों के अनुसार धान उपार्जन का कार्य जोरो से चल रहा है ओर इसी में परिवहन कर्ता के द्वारा शासकीय आदेशो और नियमो की अवहेलना करते हुए अपनी ही मर्जी से परिवहन किया जा रहा हैं।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शासकीय अमले के द्वारा नियमो का पालन करते हुए सरकारी गोदामों में भण्डारण के बाद न्यूनतम दुरी न्यूनतम परिवहन व्यय के आधार पर मैपिंग की गई है। जिन गोदामों की मैपिंग की गई है उन गोदामों में माल खाली नहीं करवा कर परिवहन कर्ता लम्बी दुरी में माल ले कर जा रहा है। खरीदी केंद्र खवासा, पीपरवानी और पाटन से पर्व वेयरहाउस कोदाझिरी कुरई की मैपिंग न्यूनतम दुरी न्यूनतम परिवहन व्यय के आधार पर की गई है किन्तु परिवहनकर्ता के द्वारा उक्त गोदाम में माल खाली नहीं करके लम्बी दुरी में सिवनी के अन्य प्राईवेट गोदाम जैन वेयरहाउस सोनादोंगरी ओर व्यक्र वेयरहाउस में माल को खाली किया जा रहा है। जिससे ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाया जा सके और सरकार को चुना लगाकर अपना जेब भरा जा सके। साथ ही साथ गोपालगंज और शिवगंगा वेयरहाउस हरहरपुर गोदाम भी खाली पड़े हुए है। उपार्जन समिति माँ दुर्गा स्वसहायता समूह भंडारपुर केंद्र दरासीकला के द्वारा शिवगंगा वेयरहाउस हरहरपुर के धर्मकांटे से माल तौल कर दिया जा रहा है किन्तु परिवहनकर्ता द्वारा वंहा माल को खाली नहीं किया जा कर लम्बी दुरी में ले जाया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में हमारे द्वारा पता किया गया तो हमें दस्तावेज भी प्राप्त हुए है उक्त और कृत्य की पुष्टि भी हुई है।

### मूंग घोटाले के बाद भी नहीं जागा प्रशासन: लखनादौन में अदृश्य शपथपत्रों का काला खेल जारी

# बिना शपथकर्ता और बिना नोटरी अधिकारी के ही तैयार हो रहे दस्तावेज, नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ा रहा माफिया

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन। क्षेत्र में बहुचर्चित मूंग घोटाले की स्याही अभी सूखी भी नहीं थी कि अब शपथपत्रों के निर्माण में एक और बड़े गोलमालका पर्दाफाश हो रहा है।**

हरिभूमि न्यूज लखनादौन।

विडंबना देखिए कि जिस तहसील परिसर से न्याय और पारदर्शिता की उम्मीद की जाती है, वहीं फर्जीवाड़े की फैक्ट्री धड़ल्ले से चल रही है। ताज्जुब की बात यह है कि न तो शपथ लेने वाला व्यक्ति मौके पर मौजूद होता है और न ही नोटरी करने वाले जिम्मेदार अधिकारी सामने आते हैं, फिर भी लखनादौन में कानूनी दस्तावेज हवा में तैयार किए जा रहे हैं।

**भ्रष्टाचार की नई कार्यप्रणाली**



### न चेहरा, न दस्तखत, बस सेटिंग का खेल

कायदे से किसी भी शपथपत्र के सत्यापन के लिए शपथकर्ता का नोटरी अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य है। अधिकारी को व्यक्ति की पहचान पुख्ता कर उसके हस्ताक्षर अपने रजिस्टर में दर्ज करने होते हैं। लेकिन लखनादौन में कानून की इस मूल भावना की हत्या की जा रही है। दलालों और भ्रष्ट तंत्र के गठजोड़ ने ऐसी व्यवस्था बना ली है जहाँ घर बैठे ही मुहरें लग जाती हैं और दस्तखत हो जाते हैं।

### मूंग घोटाले की कड़वी यादें अभी ताजा हैं

गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व हुए मूंग घोटाले ने पूरे क्षेत्र की साख पर बट्टा लगाया था। उस समय भी फर्जी दस्तावेजों के सहारे अपात्रों को लाभ पहुँचाया गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि उस बड़े कांड से प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया है। बिना भौतिक सत्यापन के बन रहे ये शपथपत्र आने वाले समय में किसी बड़े भू-माफिया खेल या सरकारी योजनाओं में बड़ी सेंधमारी का आधार बन सकते हैं। यह केवल प्रक्रिया की चूक नहीं, बल्कि एक संगठित अपराध है। जब कानून की मुहर बिना जांचे-परखे किसी भी कागज पर लगने लगे, तो समझ लीजिए कि व्यवस्था पूरी तरह वेंटिलेटर पर है।

### जनता में भारी आक्रोश, उच्च स्तरीय जांच की मांग

स्थानीय सजग नागरिकों का कहना है कि तहसील कार्यालय के इर्द-गिर्द सक्रिय बिचौलियों ने पूरे सिस्टम को पंगु बना दिया है। नोटरी अधिकारियों की अनुपस्थिति में उनके सील-सिक्कों का दुरुपयोग किसके संरक्षण में हो रहा है, यह एक बड़ा सवाल है। यदि समय रहते इस शपथपत्र सिंडिकेट पर लगाम नहीं कसी गई, तो लखनादौन एक बार फिर बड़े घोटाले की गूंज के लिए तैयार रहे।

# नर्मदा कथा में विवाद के बाद हिंसा, साध्वी ऋचा गोस्वामी पर हमला, सनातन संगठनों में भारी आक्रोश

**घंसौर /सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिनौरी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान देर रात उस समय तनावपूर्ण हालात बन गए, जब एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। धार्मिक वातावरण में चल रहे इस आयोजन के बीच टेंट संचालक और कथा वाचक साध्वी ऋचा गोस्वामी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो बाद में गंभीर घटना में बदल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाद के कुछ समय बाद आधी रात को टेंट संचालक ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर कथा वाचक साध्वी ऋचा गोस्वामी पर कथित रूप से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साध्वी को इस घटना में चोटें आई हैं। घटना के बाद साध्वी ऋचा गोस्वामी स्वयं घंसौर थाने पहुंचीं और पूरे घटनाक्रम की शिकायत दर्ज कराई।




पुलिस ने साध्वी की शिकायत पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। घंसौर थाना पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा तथा तथा चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा कुछ आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस द्वारा घटनास्थल से जुड़े तथ्यों और गवाहों के बयान भी जुटाए जा रहे हैं, ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके।
इस घटना के सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल बन गया है। सनातन धर्म से जुड़े संगठनों और श्रद्धालुओं में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। सनातनियों ने साध्वी पर हुए हमले को धार्मिक भावनाओं पर हमला बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। संगठनों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए।
सनातनियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि आरोपियों पर शीघ्र और कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं, श्रद्धालुओं ने धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि जब एक साध्वी ही सुरक्षित नहीं है, तो आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी।
घटना के बाद प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर सबकी नजरें टिकी हैं। अब देखना होगा कि जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और आरोपियों के खिलाफ कितनी सख्ती से कार्रवाई की जाती है ।

### इनका कहना है

श्रीमद् भागवत कथा के दौरान जो साध्वी पर हमला हुआ है उस मामले को संज्ञान में लेते हुए मामला दर्ज कर लिया गया है।

**दीपक मिश्रा एडिशनल एसपी सिवनी**



### पेंच प्रबंधन ने ऑनलाइन सफारी बुकिंग में धोखाधड़ी को लेकर अलर्ट जारी किया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी के पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के बीच प्रबंधन ने ऑनलाइन सफारी बुकिंग में धोखाधड़ी को लेकर अलर्ट जारी किया है। रोजाना बड़ी संख्या में पर्यटक जंगल सफारी के लिए पहुंच रहे हैं। प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि मध्यप्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व में सफारी टिकटों की बुकिंग केवल एमपी ऑनलाइन के अधिकृत पोर्टल के माध्यम से ही की जाती है। वन विभाग ने बताया कि कुछ निजी वेबसाइट, मोबाइल ऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म भ्रामक व मिलते-जुलते नामों से खुद को अधिकृत बताकर सफारी बुकिंग की पेशकश कर रहे हैं। इन अनधिकृत माध्यमों से बुकिंग करने पर पर्यटक धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं।

## लखनादौन एडवोकेट संघ के चुनाव में व्यक्तित्व के धनी एवं मिलनसार एडवोकेट फजील अहमद फिरदौसी अध्यक्ष निर्वाचित हुए

**हरिभूमि न्यूज लखनादौन ।**
गुरुवार को लखनादौन एडवोकेट संघ के चुनाव में अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सचिव का चुनाव था जिसमे अध्यक्ष चुनाव के उम्मीदवार 1 कन्हैया लाल यादव 2 फाजिल अहमद फ़रिदौसी 3 ममता शर्मा एवं उपाध्यक्ष उम्मीदवार 1 मनीष केसरवानी 2 विनय नेमा सचिव पद के उम्मीदवार 1 लखन डेहरिया 2 अमित यादव मैदान मै थे जिसमे कुल एडवोकेट मतदाता 170 थे वोटिंग का समय 11:00 बजे से 4:00 बजे तक था कोर्ट परिसर मै सभी अधिवक्ताओं उम्मीदवार द्वारा अपने अपने पक्ष में वोट डलवाने के लिए सभी मतदाताओं से आशीर्वाद लेते रहे कोर्ट परिसर में जनप्रतिनिधि या नेता लोग भी अधिवक्ताओं के चुनाव में रुचि लेते हुए बैठे रहे। जिसमे कुल 168 मत पड़े वोटिंग के उपरांत नतीजा इस प्रकार रहा अध्यक्ष पद के



उम्मीदवार ममता शर्मा,को कुल मत प्राप्त हुए 27 कन्हैया लाल यादव कुल मत प्राप्त 62 फजील अहमद फिरदौसी कुल मत प्राप्त 79 इस प्रकार जीत का अंतर 13 वोट से जीत दर्ज हुईं उपाध्यक्ष पद में मनीष केसरवानी को कुल मत 75 विजय नेमा को 93 सचिव पद के लिए अमित यादव को 73 लखंन हेडरिया को 95 पुस्तकालय शाहिद को 56 मत संजू शुक्ला को 112 मत प्राप्त कर जीते अध्यक्ष पद में फजील अहमद फिरदौसी उपाध्यक्ष पद में विजय नेमा ने जीत हासिल की सचिव पद में लखन डेहेरिया पुस्तकालय संजू शुक्ला ने जीत हासिल की अधिवक्ताओं के चुनाव में जीते उम्मीदवार अपने-अपने पद का दायित्व एवं निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे आज लखनादौन कोर्ट में खुशी का माहौल व्याप्त रहा।

## सचिव संघ धनोरा ने सामूहिक अवकाश के लिए सौंपा ज्ञापन



**धनोरा**-जनपद पंचायत धनोरा की सभी ग्राम पंचायत सचिवों के द्वारा जनपद पंचायत सीईओ ओंकार सिंह ठाकुर को 12 जनवरी 2026 से लेकर 13 जनवरी 2026 तक की छुट्टी के लिए ज्ञापन सौंपा है जिसमें प्रदेश स्तरीय संगठन के आव्हान पर दिनांक 12 जनवरी 2026 एवं दिनांक 13 जनवरी 2026 तक 2 दिवसीय ग्राम पंचायत सचिवों का महा सम्मेलन मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित है। जिसमें जनपद पंचायत धनोरा में पदस्थ सभी ग्राम पंचायत सचिव इस महासम्मेलन में शामिल होने के लिये जा रहे है। जिसके कारण जनपद पंचायत धनौरा के सभी सचिव दिनांक 12 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर उपस्थित नहीं रहेंगे।



### खैरीटेक में चल रही श्रीमद भागवत महापुराण कथा का समापन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** माता महाकाली एवं गुरू श्री डॉ.लक्ष्मण चैतन्य ब्रम्हचारी जी महाराज काशी की असीम कृपा से श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन खैरीटेक सिवनी स्थित शिवशक्ति लॉन में जारी है। कटंगी रोड स्थित माता महाकाली मंदिर के सेवकों ने बताया कि ज्ञानयज्ञ महोत्सव के प्रारंभ में कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने जलकलश लेकर मु य मार्गो से निकली और आयोजन स्थल पर पहुंची। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन ब्र हचारी उद्धव स्वरूप महाराज बागपत उत्तर प्रदेश द्वारा किया जा रहा। कथा वाचक द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्म, बाललीला, कंस वध, रूकमणी विवाह, सुदामा चरित्र सुनाया गया जिसे सुनकर उपस्थितजन मंत्रमुग्ध हुए। आयोजक बाबूलाल-श्रीमती कुंदा बघेल ने बताया कि आज 10 जनवरी को हवन व ंडारा के साथ कथा का समापन होगा। कटंगी रोड स्थित माता महाकाली के सेवकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक सं या में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है।

### घंसौर में अनुकरणीय पहल

## बेटी के जन्मदिन पर सोनी परिवार ने कराया परिक्रमा वासियों के लिए भंडारा

**घंसौर।** नगर घंसौर में सामाजिक समरसता, धार्मिक भावना और सादगी का सुंदर उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब नगर के प्रतिष्ठित सोनी परिवार द्वारा अपनी बेटी के जन्मदिन को सेवा और संस्कार से जोड़ते हुए एक अनुकरणीय पहल की गई। सोनी परिवार ने अपनी बड़ी बेटी कुमारी नित्या सोनी के जन्मदिन के अवसर पर खेरमाई चौक में विशाल भंडारे का आयोजन कर नगर से गुजर रहे समस्त परिक्रमा वासियों को भोजन प्रसादी कराई।

यह आयोजन श्री देवी प्रसाद सोनी एवं श्रीमती सविता सोनी द्वारा अपनी पुत्री के जन्मदिन को धार्मिक और सामाजिक स्वरूप देने के उद्देश्य से किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में परिक्रमा वासियों ने प्रसादी ग्रहण की। भोजन व्यवस्था पूरी तरह सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं श्रद्धाभाव से की गई, जिससे परिक्रमा वासियों में प्रसन्नता देखी गई।

इस अवसर पर सोनी परिवार ने परिक्रमा वासियों से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए यह मंगल कामना की कि उनके परिवार के साथ-साथ समाज और नगर में सुख, शांति, सद्भाव और समृद्धि बनी



रहे। बेटी के जन्मदिन को केवल उत्सव तक सीमित न रखते हुए उसे सेवा, त्याग और धर्म से जोडऩा समाज के लिए एक प्रेरणादायक संदेश है।
आज के समय में जहाँ जन्मदिन जैसे आयोजनों में लोग लाखों रुपये खर्च कर दिखावे और आडंबर को प्राथमिकता देते हैं, वहीं सोनी परिवार ने सादगी, सौहार्द और धार्मिक भावना के साथ कार्यक्रम आयोजित कर एक अलग मिसाल पेश की है। बिना किसी प्रचार-प्रसार के, शांतिपूर्ण और श्रद्धा से किया गया यह आयोजन नगरवासियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ हैभंडारे के दौरान नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने सोनी परिवार की इस पहल की खुले मन से सराहना की और इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। लोगों का कहना था कि यदि हर परिवार अपने निजी उत्सवों को सेवा और समाजहित से जोड़ दे, तो समाज में सकारात्मक बदलाव आना निश्चित है।

कार्यक्रम में यह भी देखने को मिला कि छोटी उम्र की नित्या सोनी के लिए यह आयोजन केवल जन्मदिन का उत्सव नहीं बल्कि संस्कारों की नींव रखने जैसा था। इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में बचपन से ही सेवा, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है।

कुल मिलाकर, सोनी परिवार द्वारा घंसौर में किया गया यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि सामाजिक संदेश देने में भी सफल रहा। सादगी, सेवा और सौहार्द के साथ जन्मदिन मनाने की यह पहल आने वाले समय में अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगी। नगरवासियों ने आयोजन को सराहनीय बताते हुए परिवार को शुभकामनाएं दीं।

## कोठिया (गुरुधाम दिघोरी) में श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कोठिया (गुरुधाम दिघोरी)। जिला सिवनी के कोठिया (गुरुधाम दिघोरी) में आयोजित भव्य एवं दिव्य श्रीराम कथा महोत्सव के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धा,भक्ति और आध्यात्मिक भावनाओं का अनुपम संगम देखने को मिला। कथा स्थल श्री महावीर हनुमान जी मंदिर,बिहीरिया रोड पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वृंदावन धाम से पधारे पूज्य पं.श्री नीलैश शास्त्री जी ने अपनी ओजस्वी,मधुर एवं भावपूर्ण वाणी में भगवान श्रीराम के जीवन आदर्श,मर्यादा,नीति और धर्म का अत्यंत प्रभावशाली वर्णन किया। चतुर्थ दिवस की कथा में प्रभु श्रीराम के बाल्यकाल,गुरु वशिष्ठ आश्रम प्रसंग एवं धर्म के पथ पर चलने की प्रेरणा को भावविभोर कर देने वाले प्रसंगों के साथ प्रस्तुत किया गया। कथा के दौरान संगीतमय भजनों,रामनाम संकीर्तन एवं जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शास्त्री जी ने कहा कि श्रीराम का जीवन मानवता के लिए आदर्श है उनके चरित्र से समाज को सत्य,संयम और सेवा की प्रेरणा मिलती है। कथा में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं,मातृशक्ति,युवा वर्ग एवं बुजुर्गों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## विधायक बोली नौकरशाह हो गए हैं मालिक, सरपंचों को भी घंटों करवाते हैं प्रतीक्षा

# जिला पंचायत सीईओ के विरुद्ध अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा

### विधायक अनुभा मुंजारे से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ के खिलाफ जिले के वकील एकजुट हो गए हैं। शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे और संजय उईके से मुलाकात कर सीईओ के कथित अपमानजनक व्यवहार की शिकायत की।

अधिवक्ता कपिल शिवहरे ने बताया कि बीते मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान सीईओ सराफ ने उनके पक्षकार के सामने ही अंतरिम राहत का आवेदन लेने से इनकार कर दिया। शिवहरे का आरोप है कि सीईओ ने उनके पक्षकार से कहा कि 'अधिवक्ता आपको गुमराह कर रहा है, वकील साहब की बातों में न आएं'।

इस घटना से उन्हें मानसिक आघात पहुंचा और अपमान महसूस हुआ। अधिवक्ताओं ने सीईओ के इस व्यवहार को अशोभनीय और अमर्यादित बताया है।

विधायक अनुभा मुंजारे ने जिला पंचायत सीईओ के इस व्यवहार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि यह पहला मामला नहीं है; उन्हें लगातार शिकायतें मिलती रही हैं कि सीईओ सरपंचों से नहीं मिलते और उन्हें घंटों इंतजार करवाते हैं।

मुंजारे ने कहा, 'यह नौकरशाह मालिक नहीं हो सकते। कब से ये हमारे बारे में फैसला सुनाने लगे?' उन्होंने अधिवक्ताओं के चरणबद्ध आंदोलन को समर्थन देने की बात कही। विधायक ने यह मुद्दा विधानसभा में उठाने और मुख्यमंत्री से भी इस संबंध में सवाल करने का आश्वासन दिया।

## मनरेगा योजना के नाम में परिवर्तन और इंदौर की घटना को लेकर गांवों में लगाएंगे चौपाल

# कांग्रेस की कल होगी जन आक्रोश रैली!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में कांग्रेस ने मनरेगा योजना का नाम बदलकर 'जीरामजी' करने और इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों को लेकर शुक्रवार को आक्रामक रुख अपनाया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष और विधायक संजय उइके ने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता कर आगामी 11 जनवरी से आंदोलन शुरू करने की जानकारी दी।

विधायक उइके ने बताया कि 11 जनवरी को दूषित पेयजल से हुई मौतों के विरोध में इंदौर में कांग्रेस जनाक्रोश रैली निकालेगी। वहीं, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मनरेगा का नाम बदलने के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत धरना और उपवास से की जाएगी।

उइके ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मनरेगा का नाम बदलकर मजदूरों को गुमराह कर रही है। उन्होंने बताया कि पहले मजदूर मांगने पर काम पाता था, लेकिन 'जीरामजी' में काम देने की जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बजट का वितरण भी बदल गया है। पहले केंद्र 90% और राज्य 10% राशि देते थे, अब यह अनुपात 60-40 हो गया है।

विधायक ने बालाघाट जिले का उदाहरण देते हुए बताया कि 2025-26 में 3 लाख 11 हजार 322 जॉबकार्डधारी परिवारों में से केवल 1,146 परिवारों को ही काम मिला। प्रदेश में 91 लाख 70 हजार 850 परिवारों में 33 हजार 291 परिवारों को ही रोजगार मिला। इससे यह साबित होता है कि सरकार 125 दिन का रोजगार देने में असफल रहेगी।

विधायक ने बताया कि 11 जनवरी को धरना और उपवास से आंदोलन शुरू होगा। इसके बाद 12 से 30 जनवरी तक कांग्रेस गांव-गांव जाकर चौपालों के माध्यम से आम जनता को 'जीरामजी' योजना की सच्चाई से अवगत कराएगी।

## शहर में आज 5 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बंद



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार, 10 जनवरी को पांच घंटे बिजली गुल रहेगी। 33/11 के.व्ही. बूढ़ी उपकेंद्र में नवीन फीडर निर्माण कार्य के कारण सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

शहर वितरण केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, बूढ़ी उपकेंद्र से जुड़े चार 11 के.व्ही. फीडर प्रभावित होंगे। इनमें बूढ़ी फीडर, भटेरा फीडर, कुम्हारी फीडर और वाटर वर्क्स फीडर शामिल हैं।

बूढ़ी फीडर के अंतर्गत आईटीआई, ढीमरटोला, लुम्बिनी नगर, सुभाष नगर, गंगा नगर, बूढ़ी, समता भवन, बुद्धविहार, रैनबसेरा, एमपीईबी टाउन ऑफिस क्षेत्र और पुलिस लाइन में बिजली नहीं रहेगी।

भटेरा फीडर से जुड़े गौरीशंकर नगर, माता मंदिर, आमा तालाब, नेमा कॉलोनी, नेमा लॉन, भटेरा नाका, आशा निवास, महर्षि स्कूल, भटेरा, दुर्गा मंदिर, दारूभट्टी, साईं लॉन, बूढ़ी, शिव मंदिर, बस स्टैंड, भटेरा स्कूल, बालाघाट हॉस्पिटल, मटन मार्केट, गढ्ढा मोहल्ला और मोनार्क सिटी प्रभावित होंगे।

कुम्हारी फीडर के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्रामों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अतिरिक्त, वाटर वर्क्स फीडर से संबंधित वाटर प्लांट की बिजली भी बंद रहेगी। शहर वितरण केंद्र ने बताया कि कार्य की आवश्यकतानुसार शटडाउन की समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

# अनुभूति कार्यक्रम बॉटनीकल गार्डन गर्रा वन कक्ष क्रमांक 513











हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट सामान्य परिक्षेत्र के अंतर्गत 09 जनवरी 2026 को अनुभूति कार्यक्रम बॉटनीकल गार्डन गर्रा वन कक्ष क्र0 513 में आयोजित किया गया। जिसमें मैं भी बाघ, हम है बदलाव, हम है धरती के दूत थीम पर जानकारियों से शासकीय हाईस्कूल आवलाझरी,पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमेड़ा डी,शासकीय उच्चतर माध्यमिक बिद्यालय भरवेली एवं पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय भरवेली के कक्षा 09 वीं से 11 वीं के कुल 115 स्कूली छात्र-छात्राओं को वन क्षेत्र में ट्रेकिंग सहित वनों के महत्व एवं अन्य जानकारी से अवगत कराया गया। इस दौरान उपवनमण्डल अधिकारी उपवनमण्डल बाल्घाट सा. श्रीमति विनीता फूलबेल, वन परिक्षेत्राधिकारी हिमांशु राय, नरेश धुवारे जिलाध्यक्ष जिला एथलेटिक्स एशोसिएशन संघ बालाघाट, पत्रकार महोदय पत्रिका सोनी एवं जबलपुर एक्सप्रेस प्रकाश सराठे उपस्थित थे। विद्यार्थियों को वन भ्रमण के साथ-साथ ट्रेकिंग, वन्यप्राणियों के पगमार्क एवं विष्ठा, आदि से अवगत कराया गया। अशासकीय प्रेरक अनिस चार्ल्स, ज्ञानचंद शर्मा, सुरेंद्र बडीचार्य, महेन्द्र ठवरे,शासकीय प्रेरक मनीष कुमार सिन्हा उपवनक्षेत्रपाल, नरेन्द्र ठाकरे वनरक्षक एवं ओमप्रकाश दमाहे तथा अन्य वन कर्मचारियो द्वारा विद्यार्थियों को वनों का महत्व एवं वन्यप्राणियों तथा छोटे-छोटे कीट, पतंगों की सुरक्षा कैसे की जाये के संबंध में अनुभूति ब्रोसर अनुसार फील्ड में बताया गया तथा उनके महत्व को समझाया गया। उपवनमंडल अधिकारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी बालाघाट सामान्य द्वारा वन एवं वन्य प्राणियों से संबंधित रोचक तथ्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया और वन एवं वन्य प्राणियों संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी छात्र छात्राओं के साथ साझा की। अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत अनुभूति ब्रोसर एवं फील्ड विजिट में छात्र-छात्राओं से जो जानकारी साझा की गई उन्ही अवधारणाओं पर आधारित एक क्विज का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि माननीय द्वारा पुरस्कृत किया गया । अनुभूति कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7:30 समस्त छात्राओं के अनुभूति कार्यक्रम स्थल पर एकत्रण के साथ हुई जिसमें सर्वप्रथम उनको स्वल्पाहार परोसा गया एवं तत्पश्चात मास्टर ट्रेनर एवं अनुभूति प्रेरकों की अगुवाई में समस्त छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक पथ भ्रमण के माध्यम से वन एवं वन्य प्राणियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया एवं सतत और धारणीय जीवन शैली के प्रति जागरूक किया गया वन और वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संवर्धन में जन सहभागिता के विषय पर जागरूक किया गया , प्राकृतिक पथ भ्रमण के पश्चात समस्त अनुभूति भागीदारों को भोजन परोसा गया एवं पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाने के लिए कुछ व्यावहारिक उपायों से अवगत कराकर सभी को प्रकृति संरक्षण में मानव की भूमिका से परिचित कराया गया । सहयोगी वन अमले का नाम बिरन सिंह कुसरे वनक्षेत्रपाल, सुधीर घोड़ेश्वर उपवनक्षेत्रपाल, संजय गिरी गोस्वामी,श्रीमति पूर्णिमा धुर्वे वनपाल,श्रीमति चन्द्रकला कुमरे वनपाल,श्रीमति तारा धुर्वे वनपाल, श्रीमति पुष्पा दाण्डेकर वनपाल, श्रीमति मीना पटले वनपाल, शीतल कान्त हनवत वनपाल, सतीश दाण्डेकर वनपाल, दिलीप पालेवार वनरक्षक, प्रकाश साहू वनरक्षक स्वतंत्र लिल्हारे वनरक्षक गोविन्द मर्सकोले वनरक्षक, चन्दनलाल वनरक्षक, धनराज वनरक्षक।

# प्राथमिक शाला धनियाझोर के प्रभारी शिक्षक फागुलाल परते कई महीनों से हैं नदारद

हरिभूमि न्यूज गढ़ी।



गढ़ी क्षेत्र के प्राथमिक शाला धनियाझोर के प्रभारी शिक्षक फागुलाल परते स्कूल में महीनों से नदारद रहते हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित होती है, अधिकारी कार्रवाई नहीं करते, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं।शिक्षकों की लापरवाही से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता गिर रही है। बता दे कि सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है पर जमीनी स्तर पर सरकार की अच्छी सोच का कोई असर नहीं दिख रहा है और सरकार की इस अच्छी सोच पर पानी फेर रहे है एक ऐसा ही मामला सामने आया है प्राथमिक शाला धनियाझोर का जहां प्रभारी शिक्षक फागुलाळ परते कई महीनों से नदारत है इसकी जानकारी वो चाहे जन शिक्षक हो या प्राचार्य हो सबको है यही एक सोचने का विषय है कि सबको जानकारी रहने के बाद शिक्षक फागुलाळ परते पर आज तक कोई कार्यवाही क्यों नहीं हुई इसकी सूचना जब ग्रामीणों ने हरिभूमि के गढ़ी संवाददाता को दिया तो जाकर पता लगा कि प्राथमिक शाला धनियाझोर के बहुत बुरे हाल हैं ना तो बच्चों को बैठने का लिए स्कूल भवन है और ना ही कोई साधन बता दे कि पूरी बारिश बच्चों को एक कच्चे मकान में बैठा कर शाला को संचालित किया जा रहा है और उस पर शिक्षक फागुलाळ परते की ये लापरवाही अब देखना ये है कि शिक्षक के खिलाफ अधिकारियों की कब आंखें खुलती हैं ।

## किसानों को अब ई-विकास पोर्टल से मिलेगी खाद

**बालाघाट।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए एक क्रांतिकारी कदम उठाया गया है। प्रदेश में नवीन ई-विकास प्रणाली को आगामी 10 जनवरी 2026 से सभी जिलों में विस्तारित किया जायेगा। इस संबंध में विगत दिन महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस नई प्रणाली के तहत प्रदेश की समस्त प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां, डबललॉक केंद्र, मार्केटिंग सोसाइटी और निजी विक्रेता शामिल होंगे। पोर्टल पर पंजीयन के बिना कोई भी रिटेलर उर्वरक विक्रय नहीं कर सकेगा और सभी जिलों में खाद की बिक्री केवल इसी प्रणाली के माध्यम से की जाएगी। खाद प्राप्त करने के लिए किसान को अपने आधार नंबर के माध्यम से ई-विकास पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के बाद किसान की भूमि की जानकारी एग्रीस्टैक के माध्यम से स्वतः प्रदर्शित होगी। किसान को पोर्टल पर भूमि के खसरा नंबर और बोई जाने वाली फसल का चयन करना होगा, जिसके आधार पर उर्वरक की मात्रा निर्धारित की जाएगी और किसान को एक ई-टोकन या मैसेज प्राप्त होगा।

इस टोकन को लेकर किसान निर्धारित विक्रय केंद्र पर जाकर खाद खरीद सकेंगे। विक्रेता मोबाइल ऐप के माध्यम से किसान के ई-टोकन को स्कैन करेंगे, जिससे उन्हें दी जाने वाली खाद की सही मात्रा दिखाई देगी। इसके बाद पीओएस मशीन के जरिए खाद का विक्रय किया जाएगा। जिन किसानों की जानकारी एग्रीस्टैक पर उपलब्ध नहीं है, जैसे बटाईदार या पट्टाधारी, उनके लिए पोर्टल पर अलग से पंजीयन की सुविधा दी गई है, जिसका सत्यापन राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी द्वारा किया जाएगा।

## हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड से 2.08 करोड़ की वसूली के आदेश

# धान खरीदी में अनियमितता पर कलेक्टर सख्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा ने धान खरीदी में अनियमितताओं की जांच और हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (HCL) से बकाया 2.08 करोड़ रुपए की वसूली के आदेश दिए हैं। यह निर्देश राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए गए।

लांजी और किरनापुर तहसीलों में धान उपार्जन लक्ष्य से 100 प्रतिशत से अधिक हो गया है। इन क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा और महू बीमारी के प्रकोप के बावजूद इतनी बड़ी मात्रा में धान की खरीदी ने संदेह पैदा कर दिया है। कलेक्टर ने लांजी और किरनापुर के एसडीएम को इस मामले की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही, 100 क्विंटल से अधिक धान बेचने वाले किसानों का सत्यापन करने को भी कहा गया है।

दूसरी ओर, प्रशासन हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (HCL) से पिछले एक साल से 2 करोड़ 08 लाख रुपए का बकाया वसूल नहीं कर पाया है। कंपनी की ओर से इस राशि को जमा करने में कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है, जिसके बाद कलेक्टर ने वसूली के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों और राजस्व प्रकरणों के निराकरण में संतोषजनक कार्य न करने पर लामता के तहसीलदार और नायब तहसीलदार का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को आरआरसी (राजस्व वसूली प्रमाणपत्र) प्रकरणों में वसूली के लिए चल-अचल संपत्ति की कुर्की और नीलामी की कार्रवाई करने के लिए भी निर्देशित किया।

## हर बस्ती तक पहुँचा शुद्ध जल, ग्रामीण जीवन में आया सुख और स्वास्थ्य

# जल जीवन मिशन से बदली ग्राम थानेगाँव की तस्वीर

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के विकासखण्ड वारासिवनी अंतर्गत स्थित ग्राम थानेगाँव की यह कहानी विकास, समावेशन और जल जीवन मिशन की सफलता का सशक्त उदाहरण है। जिला मुख्यालय से मात्र 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस ग्राम में कभी पेयजल की गंभीर समस्या थी, जो आज इतिहास बन चुकी है।



जल जीवन मिशन से पूर्व ग्राम थानेगाँव में नल जल योजना के अंतर्गत केवल एक उच्चस्तरीय टंकी स्थापित थी, जो मात्र एक ही बस्ती तक सीमित थी। जबकि ग्राम थानेगाँव के साथ-साथ इसके अंतर्गत चोपन टोला, गर्रा टोला, काला टोला, कतिया टोला और सिर्रा टोला—कुल पाँच अन्य टोले (बसाहटें) भी सम्मिलित हैं। ग्राम एवं सभी टोलों की संयुक्त वर्तमान जनसंख्या लगभग 3,691 है। पर्याप्त जल स्त्रोतों के अभाव में ग्रामीणों को पीने एवं दैनिक उपयोग के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ता था। बड़ी मेहनत और समय के बाद किसी तरह एक समय के उपयोग भर का पानी जुटाया जाता था, जिससे ग्रामीणों का जीवन अत्यंत कठिन हो गया था।

इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभाग को अनुमति प्राप्त हुई और ग्राम की सभी बसाहटों को शामिल करते हुए रेट्रोफिटिंग योजना का कार्य प्रारंभ किया गया। लगभग 01 करोड़ रुपये की लागत से यह योजना 29 जुलाई 2020 को स्वीकृत होने के साथ ही क्रियान्वयन में लाई गई। योजना के अंतर्गत सभी बसाहटों को जल आपूर्ति से जोड़ा गया। सिर्रा टोला में 50 के.एल. क्षमता की एक नई उच्चस्तरीय टंकी तथा 20 के.एल. क्षमता का सम्पवेल निर्मित किया गया। साथ ही, ग्राम की पुरानी टंकी में भी 20 के.एल. क्षमता का सम्पवेल निर्माण कार्य पूर्ण किया गया, जिससे जल संग्रहण एवं वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया।

आज ग्राम थानेगाँव की सभी बसाहटों में कुल 623 नल कनेक्शन स्थापित हो चुके हैं। इनके माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण को 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मानक के अनुसार समय पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो रहा है। शुद्ध जल की नियमित आपूर्ति से ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है, समय की बचत हो रही है और दैनिक जीवन सहज व सुखद बन गया है। ग्राम थानेगाँव की हर बस्ती में आज खुशी और संतोष की लहर है। इस ऐतिहासिक परिवर्तन के लिए ग्रामवासियों ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट (म.प्र.) के प्रति कोटि-कोटि धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।

## अब आसान हुआ आवागमन, ग्रामीणों के जीवन में आई बड़ी राहत

# 43 लाख की सड़क ने बदली अमृतटोला की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले के वारासिवनी विकासखंड अंतर्गत स्थित ग्राम बोटेझरी में विकास की एक नई कहानी लिखी गई है। ग्राम के मुख्य मार्ग से अमृतटोला तक लंबे समय से प्रतीक्षित पहुंच मार्ग का निर्माण 43 लाख रुपये की लागत से पूर्ण कर लिया गया है। यह निर्माण कार्य ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग क्रमांक–02 द्वारा कराया गया है।

अब तक बोटेझरी से अमृतटोला के बीच पक्की सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खासकर वर्षा ऋतु में हालात अत्यंत खराब हो जाते थे। कीचड़ और फिसलन भरे रास्तों पर चलना जोखिम भरा हो जाता था, जिससे ग्रामीणों का दैनिक जीवन प्रभावित होता था। अमृतटोला के किसान, विद्यार्थी, व्यापारी, मरीज, तथा गांव में सेवाएं देने वाले शिक्षक, पटवारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, लाइनमेन जैसे शासकीय अमले को बोटेझरी की मुख्य सड़क तक पहुंचने में अत्यधिक कठिनाई होती थी। कई बार तो लोगों को ऐसा लगता था मानो “दिन में तारे नजर आ रहे हों”।

लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के अंतर्गत स्वीकृत 43 लाख रुपये की राशि से बोटेझरी मुख्य सड़क से अमृतटोला तक पक्की सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस सड़क से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि ग्रामीणों के समय, श्रम और संसाधनों की भी बचत हो रही है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री श्री मनोज धुर्वे ने बताया कि सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है और यह मार्ग गांव के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

आज अमृतटोला के ग्रामीणों के चेहरों पर संतोष और खुशी साफ दिखाई देती है। यह सड़क किसानों को बाजार तक पहुंचने में, विद्यार्थियों को स्कूल जाने में, मरीजों को समय पर उपचार पाने में और शासकीय सेवाओं को गांव तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध हो रही है। बोटेझरी से अमृतटोला तक बनी यह सड़क अब केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि विकास और सुविधा की नई राह बन चुकी है।